**देवस्थान विभाग,**
**राजस्थान सरकार**

**वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन**

**वर्ष 2019-20**

**-: अनुक्रमणिका:-**


| भाग सं. | विवरण | | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| भाग—1 | विभागीय परिचय, कार्य-कलाप, उद्देश्य एवं प्रतिबद्धतायें, विभाग के पर्यवेक्षणाधीन/अनुदानित मंदिर, प्रन्यास, धर्मशालायें व परिसंपत्तियाँ | : | **3** |
| भाग—2 | देवस्थान विभाग की वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था | : | **8** |
| भाग—3 | देवस्थान विभाग से सम्बंधित प्रमुख नियम/अधिनियम | : | **12** |
| भाग—4 | देवस्थान विभाग का बजट प्रावधान , विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण एवं निर्माण कार्य । | : | **14** |
| भाग—5 | देवस्थान विभाग का आधुनीकीकरण | : | **21** |
| भाग—6 | देवस्थान विभाग द्वारा संचालित तीर्थ यात्रा योजनायें | : | **22** |
| भाग—7 | देवस्थान विभाग द्वारा मेलों एवं कार्यक्रमों का आयोजन | | **27** |
| भाग—8 | देवस्थान विभाग द्वारा विभागीय संपदाओं का प्रबंध एवं अनुरक्षण | : | **28** |
| भाग—9 | मंदिरों व धर्मस्थलों के लिए सहायता अनुदान तथा शाश्वत वार्षिकी का भुगतान | : | **32** |
| भाग—10 | सार्वजनिक प्रन्यासों का नियंत्रण, पर्यवेक्षण एवं नियमन | : | **34** |


राजस्थान सरकार
देवस्थान विभाग
**वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2019-20**

## भाग-1

## विभागीय परिचय, कार्य-कलाप, उद्देश्य एवं प्रतिबद्धतायें

### -:विभागीय परिचय:-

देवस्थान विभाग मन्दिर संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन का विभाग है। इस विभाग का गठन भूतपूर्व राजपूताना राज्यल की छोटी-बडी 22 रियासतों के विलीनीकरण के पश्चातत, पूर्व देशी राज्यों द्वारा राजकोष के माध्यम से संचालित मन्दिरों, मठों, धर्मशालाओं आदि के प्रबंधन एवं सुचारू संचालन हेतु वर्ष 1949 में बने वृहत् राजस्थानराज्य् के साथ-साथ हुआ.

राजस्थान का गौरवशाली अतीत पूर्व शासकों की धार्मिक निष्ठाथ एवं धर्म पालन के बलिदानों के लिए विख्यां त है। देशी राज्यों के अनेक शासकों ने रियासत का राजा स्वयं को नहीं मानकर अपने इष्टर देवता के नाम की मोहरें एवं राजपत्र में अंकित मुद्राओं से शासन किया। ऐसे में राजस्थान के राजाओं और राजकुलों ने विपुल संख्या में मंदिरों, धार्मिक स्थलों और धर्मशालाओं का न केवल राजस्थान में निर्माण कराया अपितु राज्यके बाहर भी अनेक मन्दिर एवं धर्म स्थलों का निर्माण कराया है,

विभिन्न तीर्थ स्थलों पर बने राज्यके मन्दिर एवं पूजा स्थल मध्यकाल से ही धार्मिक, नैतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक तथा शैक्षणिक प्रवृत्तियों के केन्द्र रहे हैं। इनके माध्ये म से ज्यो्तिष, आयुर्वेद, कर्मकाण्ड, धर्मशास्त्र, संगीत, शिल्प, चित्रकला, मूर्तिकला, लोकगीत, भजन, नृत्य् परम्परा आदि का संरक्षण, प्रसार एवं प्रशिक्षण होता रहा है। इस प्रक्रिया में अनेक धर्मज्ञ विद्वानों , निराश्रितों, विद्यार्थियों, साधु-संतों को सहयोग, प्रोत्साहन एवं संरक्षण भी मिलता रहा है। समय के अनुरूप सामाजिक परिवर्तनों के उपरान्त भी ये मन्दिर एवं पूजा स्थल आज भी धार्मिक सौहार्द व सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्राचीन स्थापत्य कला, शिल्पकला व चित्रशालाओं के ये अनूठे भण्डार अर्वाचीन भारत की अमूल्यं निधि है। नवीन राजस्थान राज्य के निर्माण के पश्चात इस विपुल मन्दिर संपदा के प्रबंध व संरक्षण का उत्तरदायित्व वर्तमान देवस्थान विभाग के पास है।

वर्तमान देवस्थान विभाग विरासत में प्राप्त ऐसी ही धार्मिक एवं पुण्य् प्रयोजनार्थ स्थापित संस्थाओं एवं राजकीय मन्दिरों, मठों, लोक प्रन्यासों का नियमन करने, उनके प्रशासन हेतु मार्गदर्शन देने, उन्हें आर्थिक सहयोग देने जैसे धार्मिक एवं सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करता है।

प्रारंभिक वर्षों में देवस्थान विभाग की पहचान मात्र मन्दिरों की सेवा-पूजा और उनकी सम्पत्ति के प्रबंधकर्ता विभाग की रही है, किन्तु कालांतर में परिवर्तित परिस्थितियों के अनुसार समय-समय पर राज्यं सरकार द्वारा विभागीय कार्यकलापों का विस्तार किया गया तथा नवीन दायित्व सौंपे गये।

ऐसे ही राज्य गठन के एक दशक के बाद ही नवीन आवश्यकताओं के अनुसार राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 अस्तित्व में आया और इसके साथ ही न्यासों का पंजीकरण, शिकायतों की जांच और उनके पर्यवेक्षण का दायित्व सौंपा गया।

इसी प्रकार भूमि सुधार कार्यक्रमों के फलस्वरूप मन्दिरों / मठों की भूमियों के पुन: ग्रहण के पश्चात निर्धारित वार्षिकी के भुगतान तथा मन्दिरों / संस्थाओं का सहायता अनुदान स्वीकृत करने के कार्यकलाप भी इस विभाग के कार्यक्षेत्र में विस्तारित हुए है।

समय के साथ राज्य सरकार द्वारा विभाग का बजट बढ़ाया गया है , मन्दिरों एवं संस्थाओं के अनुरक्षण एवं जीर्णोद्धार हेतु बड़ी परियोजनाएँ बनाई और क्रियान्वित की गयी हैं, विभागीय मन्दिरों एवं संस्थाओं ही नहीं, ट्रस्ट द्वारा संचालित व अन्य धर्म-स्थलों का भी विकास किया गया है, मंदिर परिसर ही नहीं, सड़क, ड्रेनेज, यात्री विश्राम स्थल आदि सुविधाओं और आधारभूत संरचनाओं के विकास पर भी प्रचुर व्यय किया गया है. शासन की नवीन नीति में तीर्थाटन एवं देशाटन को बढावा देने हेतु नयी योजनाएँ बनाई गयी हैं राज्य के तीर्थयात्रियों को राज्य से बाहर तीर्थयात्रा की अनेक योजनाएँ संचालित हैं, जिसमें भारत के विभिन्न पर्यटन व तीर्थ स्थानों की निःशुल्क यात्रा व्यवस्था की जाती है।

## विभागीय कार्य-कलाप, उद्देश्य एवं प्रतिबद्धताएं

**देवस्थान विभाग द्वारा मुख्यतया निम्नांकित कार्य संपादित किये जाते है:-**

- राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार (Direct Charge), राजकीय आत्म निर्भर (Self-Supporting) एवं सुपुर्दगी (Handed Over) श्रेणी के मंदिरों एवं धार्मिक संस्थानों की संपदाओं का प्रबन्ध एवं नियंत्रण व पूजा , नैवेद्य, आरोगण, उत्सव आदि की व्यवस्था।

- राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम , 1959 एवं नियम - 1962 के अन्तर्गत पंजीयन योग्य सार्वजनिक प्रन्यासों का पंजीकरण, पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण संबंधी कार्य।
- मंदिरों, धार्मिक एवं पुण्यार्थ संस्थाओं को सहायतार्थ नकद अनुदान राशि का भुगतान तथा तत्सम्बन्धीनियंत्रण।
- मंदिरों एवं धार्मिक तथा पुण्यार्थ संस्थाओं आदि की माफी व जागीरों के पुनर्ग्रहण किये जाने के फलस्वरूप जागीर विभाग द्वारा निश्चित की गई शाश्वात वार्षिकी का प्रतिवर्ष राजस्व अधिकारियों द्वारा निश्चित किश्तों में भुगतान एवं नियंत्रण।
- प्रमुख राजकीय धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थानों पर यात्रियों की सुविधा के लिए धर्मशालाओं व विश्रान्तिगृहों का निर्माण एवं उनके संरक्षण व संचालन की व्यवस्था करना तथा उनके विकास की योजनायें क्रियान्वित करना।
- मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों के वंश-परंपरागत नियुक्त महन्तों, पुजारियों, मठाधीशों आदि के उत्तराधिकारी की नियुक्ति करना व तत्सम्बन्धी कार्यवाही।
- राजकीय मंदिरों के बहुमूल्य जेवरात व अन्य वस्तुओं का मूल्यांकन व सत्यापन करना।
- धर्मार्थ एवं पुण्यार्थ कृत्यों हेतु आयोजित होने वाले मेलों , उत्सवों, यज्ञ इत्यादि को प्रोत्साहन देना एवं राजकीय मंदिरों में धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन करना।
- मंदिर संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु विभिन्न कार्य योजनाओं को क्रियान्वित करना तथा राजस्थान राज्य के प्रमुख मंदिरों एवं तीर्थ स्थलों के संबंध में जनहितार्थ सामग्री का प्रकाशन-प्रसारण एवं अभिलेखों का संग्रहण करना एवं तीर्थाटन व देशाटन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्य योजनाओं को क्रियान्वित करना।
- राजकीय मंदिरों (धर्मस्थानों) एवं धर्मार्थ पुण्यार्थ संस्थानों की संपदाओं के अतिक्रमियों को बेदखल करना एवं **राजस्थान सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिवासियों की बेदखली) अधिनियम, 1964** के प्रावधानों की क्रियान्विति।
- राजकीय मंदिरों (धर्मस्थानों), धर्मार्थ एवं पुण्यार्थ संस्थानों की श्रेणी का निर्धारण।

यहाँ उल्लेखनीय है कि मंदिरों एवं धर्मस्थलों की प्रकृति व श्रेणी अलग-अलग प्रकार की हो सकती है, जिनमें देवस्थान विभाग के द्वारा प्रत्यक्षतः केवल राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार (Direct Charge), राजकीय आत्म निर्भर (Self-Supporting) एवं सुपुर्दगी (Handed Over) श्रेणी के मंदिरों एवं धार्मिक संस्थानों की संपदाओं का प्रबन्ध एवं नियंत्रण व पूजा , नैवेद्य, आरोगण, उत्सव आदि की व्यवस्था की जाती है।

**राज्य में विद्यमान विभिन्न श्रेणी के मंदिरों का विवरण**

| क्रम सं. | मंदिर | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी मंदिर | विलीनीकरण के पश्चात वर्तमान राज्य शासन को उत्तरदायित्व में प्राप्त हुये मन्दिर, जिनकी परिसम्पतियों का सीधा प्रबंधन एवं नियंत्रण देवस्थान विभाग के द्वारा किया जाता है। |
| 2 | राजकीय आत्म निर्भर श्रेणी मंदिर | विलीनीकरण के पश्चात वर्तमान राज्य शासन को उत्तरदायित्व में प्राप्त हुये मन्दिर, जिनकी परिसम्पतियों के प्रबंधन हेतु देवस्थान विभाग के द्वारा उनके पुजारियों को अधिकृत किया गया है। |
| 3 | राजकीय सुपुर्दगी श्रेणी मंदिर | सुपुर्दगी श्रेणी के मंदिरों के प्रबंध एवं सम्पति के रख-रखाव का दायित्व संबंधित सुपुर्दगार का होता है। इनमें सुपुर्दगार के रूप में कुछ मंदिर प्रन्यास के अधीन श्रेणी के मंदिर भी हैं। इसके अन्तर्गत मुख्यतः दो प्रकार के मंदिर हैं:-<br><br>1. पूर्व देशी राज्यों के शासकों द्वारा विभिन्न पण्डितों/महन्तों/गोस्वामियों/विद्वानों एवं संस्थाओं को सेवा पूजा एवं सम्पति की देखभाल हेतु सुपुर्द किये गये मन्दिर। |

| | | |
|---|---|---|
| | | 2. देवस्थान विभाग द्वारा कालान्तर में विभिन्न संस्थाओं/व्यक्तियों को सुपुर्द किये गये मन्दिर। |
| 4 | राजकीय सहायता प्राप्त मंदिर | विलीनीकरण के पूर्व रियासतों द्वारा मन्दिरों की सेवापूजा धूप-दीप नैवेद्य आदि के लिये स्वीकृत की गई सहायता राशि /सहायता अनुदान का परम्परागत वार्षिक भुगतान वाले मंदिर। |
| 5 | वार्षिकी (एन्यूइटी) प्राप्त मंदिर | मन्दिरों/मठों की जागीरों के पुनर्ग्रहण के फलस्वरूप जागीर विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिकी (एन्यूटी) वाले मंदिर। |
| 6 | मंदिर मंडल अधिनियम के अंतर्गत मंदिर | ऐसे मंदिर जिनके लिए पृथक से विशेष मंदिर मण्डल अधिनियम बनाये गये हैं। ऐसे मंदिरों की संख्या केवल दो हैः-<br>1. श्रीनाथ जी मंदिर, नाथद्वारा, राजसमंद, राजस्थान<br>2. श्री साँवलिया जी मंदिर, चितौडगढ़, राजस्थान |
| 7 | प्रन्यास के अधीन मंदिर | राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 के प्रावधानों के अन्तर्गत गठित प्रन्यासों (ट्रस्टों) के अधीन मंदिर। इनमें कुछ मंदिर सुपुर्दगी श्रेणी के मंदिर भी हैं। |
| 8 | शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यमान माफी/कृषि भूमि वाले अपंजीकृत/पंजीकृत मंदिर | इनके प्रबंधन हेतु प्रशासनिक सुधार विभाग के आदेश दिनांक 07.12.2009 के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय समिति गठित हैं। |

**विभाग के पर्यवेक्षणाधीन/अनुदानित मंदिर, प्रन्यास, धर्मशालायें व परिसंपत्तियाँ निम्नानुसार हैं-**

| देवस्थान विभाग के पर्यवेक्षणाधीन/अनुदानित मंदिर, प्रन्यास, धर्मशालायें व परिसंपत्तियाँ | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **मंदिर/ संपदा/संस्था** | **संख्या** | **राजस्थान राज्य में स्थित** | **राज्य से बाहर अन्य प्रदेशों में स्थित** |
| **A** | **मंदिर** | | | |
| 1 | राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी मंदिर | 390 | 365 | 25 |
| 2 | राजकीय आत्म निर्भर श्रेणी मंदिर | 203 | 187 | 16 |
| 3 | राजकीय सुपुर्दगी श्रेणी मंदिर | 343 | 305 | 38 |
| 4 | राजकीय सहायता प्राप्त मंदिर | 10009 | 9935 | 74 |
| 5 | वार्षिकी (एन्यूटी) प्राप्त मंदिर | 48466 | 48466 | |
| 6 | मंदिर मंडल अधिनियम के अंतर्गत मंदिर | 2 | 2 | |
| | **योग** | **59413** | **59260** | **153** |
| **B** | **किराये योग्य संपदा/भवन** | | | |
| 1 | किराये योग्य संपदा/भवन (आवासीय) | 625 | 544 | 81 |
| 2 | किराये योग्य संपदा/भवन (व्यावसायिक) | 1608 | 1498 | 110 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | किराये योग्य संपदा/भवन (राजकीय) | 45 | 45 | 0 |
| 4 | अन्य | 3 | 3 | |
| | **योग** | **2281** | **2090** | **191** |
| **C** | **धर्मशालायें** | 18 | 11 | 7 |
| **D** | **पंजीकृत प्रन्यास** | 9368 | 9368 | 0 |

**भाग-02**

**देवस्थान विभाग की वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था**

| **शासन स्तर** | | |
|---|---|---|
| **क्रम** | **नाम** | **पद** |
| 1 | श्री विष्वेन्द्र सिंह | माननीय मंत्रीए देवस्थान विभाग एवं पर्यटन विभाग |
| 2 | श्री गोविन्द सिंह डोटासरा | माननीय राज्यसमंत्रीए देवस्थान विभाग एवं पर्यटन विभाग |
| 3 | श्री आलोक गुप्ता | प्रमुख शासन सचिव |
| 4 | श्री अजय सिंह राठौड़ | संयुक्त शासन सचिव |
| 5 | श्री प्रवीण कुमार गुगरवाल | निजी सहायक, माननीय मंत्री महोदय |
| 6 | श्री मातादीन मीना | विशिष्ठ सहायक, माननीय राज्यमंत्री महोदय |
| 7 | श्री कमल मीना 'सादर' | शासन उप सचिव |
| 8 | श्री चन्द्र प्रकाश कटारिया | सहायक शासन सचिव |
| 9 | श्री गौतम बनर्जी | एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक) |
| 10 | श्री विनोद कुमार प्रधान | सहायक अनुभागाधिकारी |
| **विभागाध्यक्ष स्तर** | | |
| 1 | श्री विकास सीतारामजी भाले | आयुक्त, देवस्थान, उदयपुर |
| 2 | श्री ओम प्रकाश जैन | अतिरिक्त आयुक्त, देवस्थान, उदयपुर |
| 3 | श्री सुनील मत्तड़ | उपायुक्त, देवस्थान, उदयपुर |
| 4 | श्री गणेशी  लाल जाट | वित्तीय सलाहकार, देवस्थान, उदयपुर |
| 5 | श्री गौरव सोनी | सहायक आयुक्त (मुख्यालय), उदयपुर |
| 6 | श्रीमती सीमा माहेश्वरी | उपविधि परामर्शी, देवस्थान, उदयपुर |
| 7 | श्री महेन्द्र सिंह सीमार | लेखाधिकारी, देवस्थान, उदयपुर |
| 8 | श्री संजय सोनी | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-II, देवस्थान, उदयपुर |
| 9 | श्री भगवती लाल निमावत | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-II, देवस्थान, उदयपुर |
| 10 | श्री गौतम सिंह | सहायक अभियन्ता (मुख्यालय), उदयपुर |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | श्री देवकृष्ण जोशी | अतिरिक्त निजी सचिव, आयुक्त देवस्थान |

| सहायक आयुक्त कार्यालय (संभाग/जिला स्तरीय) अधिकारी | | | |
|---|---|---|---|
| क्रम | नाम | सहायक आयुक्त कार्यालय | अधीनस्थ जिले |
| 1 | श्री आकाश रंजन | सहायक आयुक्त, जयपुर(प्रथम) | जयपुर एवं दौसा |
| 2 | श्री महेन्द्र देवतवाल | सहायक आयुक्त, जयपुर (द्वितीय) | सीकर, झुन्झुनु, अलवर |
| 3 | श्री ओम प्रकाश पालीवाल | सहायक आयुक्त, बीकानेर | बीकानेर, चुरू |
| 4 | श्रीमती ऋचा गर्ग | सहायक आयुक्त, कोटा | कोटा, बून्दी, झालावाड़, बारां |
| 5 | डॉ. प्रियंका भट्ट | सहायक आयुक्त, उदयपुर | उदयपुर (तहसील खेरवाड़ा व ऋषभेदव के अतिरिक्त) चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद, |
| 6 | सुश्री दीपिका मेघवाल | सहायक आयुक्त, ऋषभदेव | उदयपुर (तहसली खेरवाड़ा व ऋषभेदव), डूंगरपुर, बांसवाड़ा तथा गुजरात एवं महाराष्ट्र स्थित विभागीय मन्दिर व सम्पदाएं |
| 7 | श्री जतिन कुमार गांधी | सहायक आयुक्त, जोधपुर | जोधपुर, पाली, बाड़मेर, जालौर, सिरौही, जैसलमेर |
| 8 | श्री जतिन कुमार गांधी (अतिरिक्त कार्यभार) | सहायक आयुक्त, हनुमानगढ़ | श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ |
| 9 | श्री गिरीश बच्चानी | सहायक आयुक्त, अजमेर | अजमेर, नागौर, टोंक, भीलवाड़ा |
| 10 | श्री कृष्ण कुमार खण्डेलवाल | सहायक आयुक्त, भरतपुर | भरतपुर, धौलपुर, सवाईमाधोपुर एवं करौली |
| 11 | श्री कृष्ण कुमार खण्डेलवाल (अतिरिक्त कार्यभार) | सहायक आयुक्त, वृन्दावन | उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड एवं दिल्ली राज्यों में स्थित विभागीय मन्दिर एवं सम्पदाएं |

| जिला स्तार निरीक्षक कार्यालय | | |
|---|---|---|
| 1 | निरीक्षक, देवस्थान | अलवर |
| 2 | निरीक्षक, देवस्थान | करौली |
| 3 | निरीक्षक, देवस्थान | धौलपुर |
| 4 | निरीक्षक, देवस्थान | बून्दी |
| 5 | निरीक्षक, देवस्थान | बांसवाड़ा |

**राज्य सेवा में संवर्गवार स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण**
**(दिनांक 31/12/2019 तक)**

| क्र.सं. | नाम पद | संवर्ग | स्वीकृत पद | कार्यरत | रिक्त पद | वि0 वि0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आयुक्त | भारतीय प्रशासनिक सेवा | 1 | 1 | 0 | |
| 2 | अतिरिक्त आयुक्त | राजस्थान प्रशासनिक सेवा | 1 | 1 | 0 | |
| 3 | मुख्यलेखाधिकारी | राजस्थान लेखा सेवा | 1 | 1 | 0 | |
| 4 | उप विधि परामर्शी | राजस्थान विधि सेवा | 1 | 1 | 0 | |
| 5 | उपायुक्त | राजस्थान देवस्थान सेवा | 1 | 1 | 0 | |
| 6 | सहायक आयुक्त | राजस्थान देवस्थान सेवा | 12 | 10 | 2 | |
| 7 | एनालिस्ट कम प्रोग्रामर | राजस्थान तकनीकी सूचना एवं प्रौद्योगिकी सेवा | 1 | 0 | 1 | |
| 8 | प्रोग्रामर | राजस्थान तकनीकी सूचना एवं प्रौद्योगिकी सेवा | 1 | 0 | 1 | |
| 9 | अतिरिक्त निजी सचिव सचिव, (मुख्यालय) | राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय मंत्रालयिक सेवा | 1 | 1 | 0 | |
| 10 | तहसीलदार | राजस्थान तहसीलदार सेवा | 1 | 0 | 1 | |
| 11 | लेखाधिकारी | राजस्थान लेखा सेवा | 2 | 1 | 1 | |
| 12 | सहायक लेखाधिकारी प्रथम | राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा | 1 | 0 | 1 | |
| 13 | निरीक्षक प्रथम श्रेणी | राजस्थान देवस्थान अधीनस्थ सेवा | 15 | 2 | 13 | |
| 14 | निरीक्षक द्वितीय श्रेणी | राजस्थान देवस्थान अधीनस्थ सेवा | 21 | 13 | 8 | |
| 15 | प्रशासनिक अधिकारी | राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय मंत्रालयिक सेवा | 1 | 0 | 1 | |
| 16 | अति. प्रशासनिक अधिकारी | राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय मंत्रालयिक सेवा | 3 | 0 | 3 | |
| 16 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी | राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय मंत्रालयिक सेवा | 11 | 6 | 5 | |
| 17 | शीघ्र लिपिक | राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय मंत्रालयिक सेवा | 2 | 0 | 2 | |
| 18 | वरिष्ठा सहायक | राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय मंत्रालयिक सेवा | 23 | 19 | 4 | |
| 19 | कनिष्ठा सहायक | राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय मंत्रालयिक सेवा | 29 | 24 | 5 | |
| 20 | सहायक लेखाधिकारी-II | राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा | 14 | 9 | 5 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | सहायक अभियन्ता | राजस्थान राज्य तकनीकी सेवा | 1 | 0 | 1 | |
| 22 | कनिष्ठ अभियन्ता | राजस्थान अधीनस्थ तकनीकी सेवा | 1 | 0 | 1 | |
| 23 | कनिष्ठ लेखाकार | राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा | 4 | 3 | 1 | |
| 24 | कनिष्ठ विधि अधिकारी | राजस्थान अधीनस्थ विधिक सेवा | 3 | 3 | 0 | |
| 25 | भू अभिलेख निरीक्षक | राजस्व अधीनस्थ सेवा | 1 | 0 | 1 | |
| 26 | पटवारी | राजस्व अधीनस्थ सेवा | 2 | 0 | 2 | |
| 27 | मैनेजर प्रथम श्रेणी | राजस्थान देवस्थान अधीनस्थ सेवा | 11 | 0 | 11 | |
| 28 | मैनेजर द्वितीय श्रेणी | राजस्थान देवस्थान अधीनस्थ सेवा | 14 | 2 | 12 | |
| 29 | पुजारी | राजस्थान देवस्थान अधीनस्थ सेवा | 94 | 25 | 69 | |
| 30 | सेवागीर | राजस्थान देवस्थान अधीनस्थ सेवा | 144 | 63 | 81 | |
| 31 | जमादार | राजस्थान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सेवा | 4 | 0 | 4 | |
| 32 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | राजस्थान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सेवा | 48 | 30 | 18 | |
| | **योग :-** | | **470** | **216** | **254** | |

**निधि सेवा में स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की स्थिति**
**(दिनांक 31.12.2019 तक)**

| क्र.सं. | पदनाम | स्वीकृत पद | कार्यरत | रिक्त पद | वेतन श्रृंखला | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | पे बैण्ड | ग्रेड पे |
| 1 | कनिष्ठ लेखाकार | 1 | 0 | 1 | 3080-90-3980-110-6180 | |
| 2 | फोर्स अधिकारी/सुरक्षा अधिकारी | 2 | 0 | 2 | 2750-90-3650-110-5850 | |
| 3 | मुंतजिम/प्रभारी अधिकारी | 2 | 0 | 2 | 2750-90-3650-110-5850 | |
| 4 | क0 प्रारूपकार | 1 | 1 | 0 | 5200-20200 | 2800 |
| 5 | निधि लिपिक | 36 | 22 | 14 | 5200-20200 | 2400 |
| 6 | वाहन चालक | 3 | 3 | 0 | 5200-20200 | 2400 |
| 7 | हवलदार/जमादार/ दरोगा/ गुमाश्ता | 3 | 3 | 0 | 5200-20200 | 1900 |
| 8 | सिपाही | 66 | 46 | 20 | 5200-20200 | 1700 |
| 9 | प्रबंधक | 13 | 6 | 7 | 5200-20200 | 1900 |
| 10 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 13 | 9 | 4 | 5200-20200 | 1700 |
| 11 | पुजारी | 12 | 6 | 6 | 5200-20200 | 1700 |
| 12 | मुखिया | 15 | 4 | 11 | 5200-20200 | 1700 |
| 13 | अन्यः-<br>हवलदार, जमादार, दरोगा, मुखिया, सेवागीर, | 56 | 30 | 26 | 5200-20200 | 1700 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | छड़ीदार, फर्राश, सईस, स्नानघर पर, चौकीदार, प्रहरी, हरिजन, गोटेदार, बागबान | | | | | |
| | **योगः-** | **223** | **130** | **93** | | |

**भाग-3**

**देवस्थान विभाग से सम्बंधित प्रमुख नियम/अधिनियम**

Major Acts & Rules Related to Devasthan Department

| क्र.सं. | अधिनियम व नियम |
|---|---|
| **विभाग से सम्बंधित सामान्य अधिनियम व नियम** | |
| 1 | सहायता अनुदान नियम, 1958 |
| | Grant in Aid Rules, 1958 |
| 2 | राजस्थान देवस्थान निधि सेवा नियम, 1959 |
| | Rajasthan Fund Service Rules 1959 |
| 3 | राजस्थान देवस्थान निधि बजट एवं लेखा नियम, 2015 |
| | Rajasthan Nidhi Budget and Account Rules, 2015 |
| 4 | राजस्थान लोक न्यास अधिनियम, 1959 |
| | Rajasthan Public Trust Act 1959 |
| 5 | राजस्थान लोक न्यास नियम, 1962 |
| | Rajasthan Public Trust Rules 1962 |
| 6 | राजस्थान देवस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम, 2000 |
| | Rajasthan Devasthan State and Subordinate Service Rules, 2000 |
| 7 | राजस्थान मंदिर व धार्मिक एवं दातव्य संस्था अनुदान नियम, 2010 |
| | Rajasthan Grant In Aid to Temples And Other Religious and Charitable Institution Rules, 2010 |
| **मंदिर विशेष से सम्बंधित अधिनियम व नियम** | |
| 1 | नाथद्वारा मंदिर मण्डल अधिनियम, 1959 |
| | Nathdwara Temple Board Act 1959 |
| 2 | नाथद्वारा मंदिर मण्डल नियम, 1973 |
| | Nathdwara Temple Board Rules, 1973 |
| 3 | सांवलिया जी मंदिर मण्डल नियम, 1991 |
| | Sanwariaji Temple Board Rules, 1991 |
| 4 | सांवलिया जी मंदिर मण्डल अधिनियम , 1992 |

| | |
|---|---|
| | Sanwariaji Temple Board Act, 1992 |
| **अन्य सामान्य अधिनियम व नियम** | |
| 1 | राजस्थान सार्वजनिक भू-गृहादि (अप्राधिकृत अधिवासियों की बेदखली) अधिनियम, 1964 |
| | Rajasthan Public Premises (Eviction of Unauthorized Occupants) Act, 1964 |
| 2 | राजस्थान सार्वजनिक भू-गृहादि (अप्राधिकृत अधिवासियों की बेदखली) नियम, 1966 |
| | Rajasthan Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Rules, 1966 |
| 3 | देवस्थानविभाग से संबंधित मन्दिरों के जेवर, सोना, चांदी, जेवरात व सोना चांदी के बर्तनों की सुरक्षा नियम, 1970 |
| | Rules for Security of Jewellery Golden, Silver ornaments and Untensil of the Temple releted to Devasthan Department, 1970 |
| **भारत सरकार के न्यास व धर्मस्थल से सम्बंधित प्रमुख अधिनियम और नियम*** | |
| 1 | The Religious Endowments Act, 1863 |
| 2 | The Charitable Endowments Act, 1890 |
| 3 | The Indian Trusts Act, 1882 |
| 4 | The Charitable and Religious Trusts Act, 1920 |

**भाग-4**

**देवस्थान विभाग का बजट प्रावधान, विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण एवं निर्माण कार्य -**

**वर्ष 2019-20 में बजट प्रावधान एवं व्यय (दिसम्बंर 2019 तक) की स्थिति:-**

**राज्य योजना मद**

**( राशि लाखों मे )**

| विवरण | 2019-20 | |
|---|---|---|
| | आवंटन राशि | व्यय राशि |
| मंदिरों के जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं विकास कार्य | 717.95 | 132.78 |
| वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना | 1400.00 | 638.26 |
| कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा योजना | 100.00 | - |
| ट्रस्ट मंदिर सहायता योजना | 321.40 | 50.00 |
| **योग :-** | **2539.35** | **821.04** |

## वर्ष 2019-20 में उपलब्ध बजट प्रावधान एवं व्यय की स्थिति

### राज्य आयोजना मद

( राशि लाखों मे )

| क्र.सं. | | बजट शीर्ष | बजट प्रावधान | व्यय राशि दिसम्बर 2019 तक | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 4250-00-800--03--(00)-72 (विभाग के माध्यम से निर्माण कार्य) | 34.35 | 3.98 | निर्माण एवं विकास कार्य हेतु |
| 2 | | 4250-00-796--(03) (00) 72 (टीएसपी क्षेत्र के मन्दिर के जीर्णोद्धार विकास कार्य विभाग के माध्यम से) | 15.00 | 0.00 | |
| 3 | 2 | 4250-00-800--(02) (90) उपमद-17 पीडब्ल्युडी के माध्यम से तीर्थ यात्रियों के लिए वृहद निर्माण कार्य | 587.00 | 128.80 | |
| 4 | | 4250.00.796-(03)(00)-PWD TSP | 81.60 | 0.00 | |
| 5 | 3 | 2250 - ट्रस्ट सहायता TSP | 31.40 | 0.00 | |
| 6 | | 2250-00-800-03 (सहायता अनुदान) | 290.00 | 50.00 | |
| 7 | 4 | 2250-00-800-02-01(Non TSP) वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2250-00-796-01-01(TSP) 2250-00-789-02-01(SCSP) | 1400.00 | 638.26 | तीर्थ यात्रा योजना हेतु |
| 8 | 5 | 2250-00-800-02-02(Non TSP) 2250-00-796-03-01(TSP) 2250-00-789-01-01(SCSP) कैलाश मानसरोवर यात्रा योजना | 100.00 | 0.00 | |
| | | **योग -** | **2539.35** | **821.04** | |

**वित्तीय राशि आवंटन एवं व्यय का विवरण**
**वर्ष 2015-16 से 2019-20 तक**
**सूचना- दिसम्बर 2019 तक**

**(राशि लाखों में)**

| | आवंटन | | | | व्यय | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | वर्ष | निर्माण | अन्य योजना | योग | वर्ष | निर्माण | अन्य योजना | योग |
| 1 | 2015-16 | 1506.66 | 1650.00 | 3156.66 | 2015-16 | 816.93 | 1521.59 | 2338.52 |
| 2 | 2016-17 | 2719.04 | 1600.00 | 4319.04 | 2016-17 | 1997.95 | 1592.70 | 3590.65 |
| 3 | 2017-18 | 2751.24 | 3310.00 | 6061.24 | 2017-18 | 1353.15 | 2984.91 | 4338.06 |
| 4 | 2018-19 | 872.37 | 1606.83 | 2479.20 | 2018-19 | 667.65 | 1306.31 | 1973.96 |
| 5 | **2019-20 (31 दिसम्बर 19 तक )** | 1039.35 | 1500.00 | 2539.35 | **2019-20 upto Dec.19** | 182.78 | 638.26 | 821.04 |

**राज्य मद (योजना) एवं राज्य मद के अन्तर्गत वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 तक बजट प्रावधान एवं व्यय राशि का विवरण:-**

**राज्यमद (योजना)**

| क्र.सं. | वर्ष | बजट शीर्ष | प्रावधित राशि रुपये लाखों में | व्यय राशि रुपये लाखों में | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2018 -19 | 4250-00-800-03-00<br>4250-00-800-02-90<br>4250-00-796-04-00<br>4250-00-796-03-90 | 454.37 | 384.65 | मन्दिर मरम्मत एवं जीर्णोद्धार एवं श्रद्धालुओं की सुविधार्थ विकास कार्य<br>[ capital outlay] |
| 2 | | 2250-00-800-03-00(ट्रस्ट मंदिरों को सहायता) | 418.00 | 283.00 | ट्रस्ट मंदिरों केविकास कार्य हेतु सहायता अनुदान **[ Assist to Trust Temple]** |
| 3 | | 2250-00-800-02-01 | 1430.83 | 1143.31 | वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा एवं सिंधु दर्शन तीर्थ यात्रा योजना के संचालन हेतु |
| 4 | | 2250-00-800-02-02 | 176.00 | 163.00 | कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा योजना |
| 5 | 2019-20 | 4250-00-800-03-00 | 717.95 | 132.78 | मन्दिर मरम्मत एवं जीर्णोद्धार एवं |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4250-00-800-02-90<br>4250-00-796-04-00<br>4250-00-796-03-90 | | | श्रद्धालुओं की सुविधार्थ विकास कार्य<br>[ capital outlay] Exp. up to Dec. 19 |
| 6 | | 2250-00-800-03-00(ट्रस्ट मंदिरों को सहायता) | 290.00 | 50.00 | ट्रस्ट मंदिरों केविकास कार्य हेतु सहायता अनुदान **[ Assist to Trust Temple] Exp. upto Dec.19** |
| 7 | | 2250-00-796-02-01 (ट्रस्ट मंदिरों को सहायता, टी.एस.पी.) | 31.40 | 0.00 | ट्रस्ट मंदिरों केविकास कार्य हेतु सहायता अनुदान TSP**[ Assist to Trust Temple] Exp. upto Dec.19** |
| 8 | | 2250-00-800-02-01 | 1400.00 | 638.26 | वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा एवं सिंधु दर्शन तीर्थ यात्रा योजना के संचालन हेतु<br>**Exp. upto Dec.19** |
| 9 | | 2250-00-800-02-02 | 100.00 | 0.00 | कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा योजना **Exp. upto Dec.19** |

**राज्यमद**

| क्र.सं. | वर्ष | बजट शीर्ष | प्रावधित राशि (लाखों में) | व्यय राशि (लाखों में) | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2018-19 | 2250 **राज्य मद** | 2043.89 | 1828.61 | कार्मिकों के वेतन भत्ते मन्दिर संस्कृति एवं अनुरक्षण व्यय |
| | | 3604 एन्यूटी | 13.72 | 8.70 | वेतन भत्ते एवं एन्यूटी |
| 2 | 2019-20 | 2250 **राज्य मद** | 2075.43 | 1184.53 | कार्मिकों के वेतन भत्ते मन्दिर संस्कृति एवं अनुरक्षण व्यय (31-12-2019 तक ) |
| | | 3604 एन्यूटी | 21.05 | 3.57 | वेतन भत्ते एवं एन्यूटी (31-12-2019 तक ) |

**अराजकीय मन्दिरों की मुआवजा राशि हेतु पृथक से निजी निक्षेप खाता:-**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम ,1959 के प्रावधानों के अनुसार सार्वजनिक मन्दिर लोक न्यास की परिभाषा में आने से अधिनियम की धारा 37 के तहत आयुक्त, देवस्थान को राजस्थान राज्य में स्थित समस्त पुण्यार्थ संस्थाओं के कोषाध्यक्ष की शक्तियां प्रदत्त होने से विभा ग में जमा 6038.93 लाख रुपये दिनांक 31.12.2019 तक अराजकीय मन्दिरों की भूमि अवाप्ति के फलस्वरूप प्राप्त मुआवजा राशि पर प्रभावी पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण हेतु पृथक से कोषालय उदयपुर में निजी निक्षेप खाता वित्त विभाग (मार्गोपाय

अनुभाग) के आदेश क्रमांक प. 8(7)वि.मा/2008 दिनांक 5.4.2012 की अनुपालना में नवीन रूप से खुलवाया जाकर संधारित किया जा रहा है।

**राज्या मद से वर्ष 2016-17 से 2019-20 में स्वीकृत मंदिरों के जीर्णोद्धार, मरम्मत, संधारण तथा निर्माण कार्य जो वर्तमान में प्रगतिरत है –**

| क्र.सं. | मंदिर | स्थान, जिला | कुल विकास राशि (राशि लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | मंदिर श्री झरनेश्वर महादेव जी | झालावाड़ | 60.00 |
| 2. | मंदिर श्री डिग्गी कल्याण जी, मालपुरा, | टोंक | 500.00 |
| 3. | मंदिर श्री राजकालेश्वर जी | टोंक | 371.14 |
| 4. | मंदिर श्री बेणेश्वर धाम | डूंगरपुर | 1133.68 |
| 5. | मंदिर श्री केशवराय जी केशवरायपाटन, | बूँदी | 546.75 |
| 6. | मंदिर श्री कृष्णाय माता जी किशनगढ | बारां | 52.00 |
| 7. | मंदिर श्री मंगलेश्वर जी मगरदा नदी के समीप , कुशलगढ | बांसवाडा | 100.00 |
| 8. | मंदिर श्री गंगा जी गंगोत्री | उत्तराखण्ड़ | 30.00 |
| 9. | मंदिर श्री सिद्धि विनायक | बांसवाडा | 25.00 |
| 10. | मंदिर श्री नागणेची जी पचपदरा (द्वितीय चरण) | बाडमेर | 225.00 |
| | | योग- | 3043.57 |

**संयुक्त निधि मद**

**(राशि लाखों में)**

| विवरण | 2018-19 | | 2019-20 | |
|---|---|---|---|---|
| | आवंटन राशि | व्यय राशि | आवंटन राशि | व्यय (राशि दिस.19 तक |
| मंदिरों के जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं विकास कार्य | 3490.51 | 1158.24 | 1571.59 | 103.99 |

**विभागीय संयुक्त निधि मद से वर्ष 2017-18 से 2019-20 में स्वीकृत मंदिरों के जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं संधारण तथा नया निर्माण का विवरण जो वर्तमान में प्रगतिरत है।**

| क्र.सं. | नाम मंदिर | शासन की स्वीकृति क्रमांक/दिनांक | स्वीकृत राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | मंदिर श्री रूपनारायण जी ,सेवंत्री | प.3(15)देव/2014 जयपुर दिनांक 18.4.2017 | 735.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | श्री बिहारी जी, भरतपुर | प.4(4)देव/2017 जयपुर दिनांक 23.5.2017 | 1030.18 |
| 3. | श्री सूर्य मंदिर, झालावाड. | प.3(15)देव/2014 जयपुर दिनांक 18.4.2017 | 85.52 |
| 4. | श्री गंगा मंदिर, भरतपुर | प.3(15)देव/2014 जयपुर दिनांक 18.4.2017 | 186.06 |
| 5. | श्री लक्ष्मंण मंदिर, भरतपुर | प.3(15)देव/2014 जयपुर दिनांक 18.4.2017 | 123.17 |
| 6. | श्री चारभूजा जी गढबोर राजसमंद | प.12(7)देव/2016 जयपुर दिनांक 20.20.2016 | 1172.00 |
| 7. | श्री घोटिया आम्बातीर्थ स्थल का बांसवाडा | प.3(15)देव/2014 जयपुर दिनांक 22.4.2015 | 267.00 |
| 8. | श्री गोगा जी गोगामेडी, हनुमानगढ. | प.4(2)देव/2015 पार्ट-3 जयपुर दिनांक 18.9.2016 | 2527.00 |
| 9. | श्री गोगाजी गोगामेडी हनुमानगढ. शौचालय एवं स्नानघर निर्माण कार्य | प.4(3)देव/2016 जयपुर दिनांक 7.8.2019 | 43.72 |
| | | **योग-** | **6169.65** |
| 10. | श्री मंगलेश्वर महादेव जी, मातृकुण्डिया चितौडगढ | सांवलिया जी मंदिर मण्डल के आर्थिक सहयोग से | 795.00 |

**नोट- इसके अतिरिक्त संयुक्त निधि बजट वर्ष 2019-20 में 56 नवीन कार्यों हेतु रूपये 971.75 लाख स्वीकृत किये हैं।**

**बजट घोषणायें year 2019-20**

**Budget Announcements of Devasthan Department**

| क्र .सं. | बजट पैरा | बजट वर्ष | बजट घोषणा | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 35 | 2019-20 | वित्तीय वर्ष 2019-20 के लेखानुदान प्रस्तुतिकरण के दौरान श्री बेणेश्वर धाम विकास बोर्ड के गठन की घोषणा | प्रक्रियाधीन |
| 2. | 156 | | देवस्थान मंदिरों में चढ़ावों एवं संपत्तियों का रिकार्ड अत्यधिक पुराना है एवं इसके ठीक रखरखाव का अभाव है। मंदिरों की संपदा के रिकार्ड का डिजिटाईजेशन कर उसे LRC (जमाबंदी) से लिंक किया जायेगा। | प्रक्रियाधीन |
| 3. | 157 | | वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना का विस्तार करते हुए काठमांडू (नेपाल) स्थित पशुपतिनाथ मंदिर को भी इसमें शामिल करने जा रहे हैं। | पालना कर दी गई है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | | | बीपीएल कार्डधारकों को राज्य से बाहर स्थित धर्मशालाओं में निःशुल्क ठहरने की सुविधा। | पालना कर दी गई है। |

**विभागीय बजट की विगत 3 वर्षों की राजस्व प्राप्ति की तुलनात्मक स्थिति:-**

**(लाखों में)**

| मद | आवंटित लक्ष्य वर्ष 2017-18 | राजस्व प्राप्ति वर्ष 2017-18 | आवंटित लक्ष्य वर्ष 2018-19 | राजस्व प्राप्ति वर्ष 2018-19 | आवंटित लक्ष्य वर्ष 2019-20 | राजस्व प्राप्ति वर्ष 2019-20 (31-12-2019 ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजकीय | 325.00 | 284.65 | 341.00 | 309.76 | 340.74 | 199.94 |
| संयुक्त निधि | 1088.00 | 1085.59 | 1195.00 | 922.52 | 1114.77 | 943.91 |

**राजस्व संग्रहण की स्थिति:-**

विभाग द्वारा आलोच्य वर्ष 2019-20 में राजस्व की प्राप्ति निम्नानुसार की गई है:-

**राशि (लाखों में)**

| मद | वर्ष 2019-20 | |
|---|---|---|
| | आवंटित लक्ष्य | राजस्व प्राप्ति (31-12-2019 तक) |
| राजकीय | 340.74 | 199.94 |
| संयुक्त निधि | 1114.77 | 943.91 |

**देवस्थान विभाग की विनियोजित राशि :-**

देवस्थान विभाग द्वारा प्रबंधित एवं नियंत्रित राजकीय आत्म निर्भर श्रेणी के मंदिरों की आय मय ब्याज राशि एवं मंदिरों की मुआवजा राशि जो प्राप्त हुई है, उसका विनियोजन माह 12/2019 तक का निम्न प्रकार है :-

| क्र.सं. | विवरण | जमा राशि (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | राजकीय कोषालय निजी निक्षेप ब्याज खाता 1029 | 5717.24 |
| 2 | राजकीय कोषालय निजी निक्षेप ब्याज खाता **(मुआवजा राशि)** ब्याज सहित 5644 | 6038.93 |
| 3 | राजकीय कोषालय निजी निक्षेप बिना ब्याज खाता 1014 | 5.06 |

**नोट-** देवस्थान विभाग को ऑनलाइन दान सहयोग राशि प्राप्त करने हेतु पृथक से बैंक एकाउंट सं0 37540819464 भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोषालय, उदयपुर शहर में खुला हुआ है, जिसमें दिसम्बर 2019 तक शेष राशि 1,32,490 है।

## भाग— 5

## देवस्थान विभाग का आधुनिकीकरण

राजस्थान राज्य के प्रमुख मंदिरों एवं तीर्थ स्थलों से संबंधित सूचनाये देशी विदेशी पर्यटकों , एवं श्रद्धालुओं तक पहुंचाने हेतु देवस्थान विभाग द्वारा तैयार वेबसाइट www.devasthan.rajasthan.gov.in पर अद्यतन की जाती है। इसके साथ ही ई - के रूप में विभिन्न प्रक्रियाओं का ऑनलाईन अंकन एवं उनकी प्रोसेसिंग की सुविधा प्रदान की गयी है जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

| क्र.सं. | कार्य/सुविधा |
|---|---|
| 1 | विभागीय पोर्टल का नवीन प्रारूप |
| 2 | विभिन्न विभागीय योजनाओं नीतियों/नियमों, अभिलेखों की सरल जानकारी की सुविधा |
| 3 | विभिन्न विभागीय योजनाओं के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन एवं उसकी प्रोसेसिंग की सुविधा |
| 4 | मंदिरों की जी.आई.एस. मैपिंग |
| 5 | विभाग के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करने एवं बनाए गए मास्टर प्लान को अपलोड करने की सुविधा |
| 6 | जन सामान्य से दान/सहयोग की राशि ऑनलाईन लिये जाने की सुविधा |
| 7 | विभाग द्वारा आयोजित किये जाने वाले मेलों/उत्सवों एवं कार्यक्रमों के कैलेण्डर के रूप में दर्ज किये जाने एवं प्रदर्शित किये जाने की सुविधा |
| 8 | न्यायिक प्रकरणों के अपडेशन एवं निस्तारण हेतु सुविधा |
| 9 | मंदिरों के सम्पदा रजिस्टर, इन्वेन्टरी रजिस्टर की स्कैनिंग |
| 10 | मंदिरों में विद्यमान विभिन्न सामग्री एवं बहुमूल्य आभूषणों के इन्वेन्टरी मैनेजमेंट की सुविधा |
| 11 | ट्रस्टों के अभिलेखों की स्कैनिंग |
| 12 | ट्रस्टों के द्वारा सबमिट की जाने वाली नियमित सूचनाओं को प्रपत्र के रूप में दर्ज किये जाने एवं अपलोड किये जाने की सुविधा |
| 13 | जिलेवार तहसीलों से प्राप्त मंदिर माफ़ी और डोली भूमि के अभिलेखों की स्कैनिंग |
| 14 | मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों के महंतों/पुजारियों का समुचित डाटाबेस संधारित करने की व्यवस्था |

देवस्थान मंदिरों में चढावा एवं सम्पंत्तियों का रेकार्ड अत्यधिक पुराना होने से इसके ठीक रख रखाव हेतु इसके डिजिटाईजेशन की बजट घोषणा का कार्य प्रक्रियाधीन है जिसमें आलौच्यवर्ष में 30.00 लाख रूपये का व्यय होना प्रस्तावित है।

## भाग—6

## देवस्थान विभाग द्वारा संचालित तीर्थ यात्रा योजनायें

| क्र.सं. | योजना का नाम | तीर्थयात्रा हेतु अनुदान राशि | यात्रियों की सीमा |
|---|---|---|---|
| 1 | कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा योजना | कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा पर रूपये 1,00,000/- (अक्षरे एक लाख रूपये) प्रति यात्री की सहायता। | 100 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | सिन्धु दर्शन तीर्थयात्रा योजना | यात्रा पर हुए व्यय के 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति अधिकतम 10,000/- प्रति तीर्थयात्री तक | 200 |
| 3 | वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना | वरिष्ठ नागरिकों को उनके जीवनकाल में एक बार प्रदेश के बाहर देश में स्थित विभिन्न नाम निर्दिष्ट तीर्थस्थानों में से किसी एक स्थान की यात्रा (चयनित 17 तीर्थ स्थलों की यात्रा) | 5000 रेल द्वारा<br>5000 हवाई जहाज द्वारा |

**वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2019**

<table>
<tr><td>1</td><td>योजना का नाम</td><td>वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना</td></tr>
<tr><td>2</td><td>योजना प्रारंभ वर्ष</td><td>2013 (2016 से हवाई यात्रा को सम्मिलित करते हुये वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के नाम से)</td></tr>
<tr><td>3</td><td>योजना का उद्देश्य व संक्षिप्त विवरण</td><td>इस योजना का उद्देश्य राजस्थान के मूल निवासी वरिष्ठ नागरिकों(60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति) को उनके जीवन काल में एक बार प्रदेश के बाहर देश में स्थित विभिन्न नाम निर्दिष्ट तीर्थ स्थानों में से किसी एक स्थान की यात्रा सुलभ कराने हेतु राजकीय सुविधा एवं सहायता प्रदान करना है।</td></tr>
<tr><td>4</td><td>तीर्थ यात्रा हेतु अनुदान राशि</td><td>स्वयं विभाग द्वारा यात्रा का आयोजन तथा निर्धारित यात्रा का व्यय वहन।</td></tr>
